


हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 5 अप्रैल 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट




## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने किया स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण



**साजा।** एसडीएम डीआर रात्रे ने स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ चर्चा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। अस्पताल में उपस्थित कर्मचारियों की जानकारी लेते हुए अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। विदित हो कि स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मचारी समय से पहले चले जाते हैं व कई कर्मचारी समय पर नहीं पहुंचते। इसकी शिकायत लंबे समय से मिलती रही है। इसे देखते हुए उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मरीजों के साथ आए परिजनों से भी व्यवस्था के संबंध में चर्चा की। खंड चिकित्सा अधिकारी एके वर्मा ने विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान तहसीलदार लहरी यादव भी उपस्थित रहे।

### सिंघौरी में भक्त माता कर्मा जयंती आज



**बेमेतरा।** ग्राम सिंघौरी में साहू समाज द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन आज किया जायेगा। ब्रम्हचारी ज्योर्तिमयानंद के आगमन होगा एवं ब्रम्हचारी जी के द्वारा कथा की जायेगी। 24 घंटे अखंड रामायण का पाठ किया जायेगा। मां कर्मा मंदिर में पूजा पाठ किया जायेगा। प्रसाद वितरण किया जायेगा। साहू समाज के अध्यक्ष चोवा राम साहू एवं गंगू राम साहू, गोरेलाल साहू आदि उपस्थित रहेंगे।

### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से लौट रहे एम्बुलेंस ट्रक से टकराई

**साजा/बेमेतरा।** बीते दिनों परपोड़ी में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से लौट रही स्वास्थ्य विभाग की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर है। जानकारी के अनुसार डॉक्टर व स्टाफ नर्स को वापस लेकर आ रही एम्बुलेंस की रास्ते में ट्रक के साथ भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में एंबुलेंस को क्षति पहुंची, लेकिन अच्छी बात यह रही कि एंबुलेंस में सवार मेडिकल स्टाफ को कोई चोट नहीं आई। वहीं, मामले की रिपोर्ट थाने में नहीं होने के चलते कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

### दो स्थायी वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे



**बेमेतरा।** जिले में पुलिस प्रशासन ऑपरेशन ईगल अभियान चला रही है। पुलिस टीम वर्षो से फरार चल रहे वारंटियों की घर पकड़ कर रही है। इसी के तहत फरार दो स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस चौकी देवकर स्टाफ ने न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 424/2015, अपराध क्रमांक 110/2015, धारा 294,506 बी, 323, 34 भादवि में फरार चल रहे 02 स्थायी वारंटी कासीम खान पिता वसीम खान उम्र 24 साल कैलाश नगर जामुल छावनी भिलाई, जी विनोद ऊर्फ अन्ना पिता जी जोगेप्पा उम्र 33 साल खुर्सीपार जोन नं. 01 सेक्टर 2 छावनी जिला दुर्ग को मुखबिर कि सूचना पर पकड़ा गया। उपरोक्त वारंटी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी देवकर प्रभारी सहायक उप निरीक्षक द्वारिका प्रसाद घृतलहरे, सउनि भानुप्रताप पटेल, प्रधान आरक्षक ललित केरकेट्टा, आरक्षक विकास सिंह, दीपक सिंह, मोहित देवांगन, मनीष वर्मा, भूषण कारकंडे एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 12 साल में जर्जर होने लगा पशु चिकित्सालय भवन, दीवारों में दरारें, प्लास्टर उखड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

*ब्लॉक का एकमात्र सरकारी पशु चिकित्सालय केवल 12 साल के भीतर ही पूरी तरह से जर्जर हो गया है। दीवारों पर बड़ी-बड़ी दरारें तथा गिरते प्लास्टर इसकी दुर्दशा की कहानी बताती है। छत व दीवारों से टपकते पानी से अक्सर दवाइयां एवं अस्पताल के जरूरी दस्तावेज खराब हो जाते हैं। बारिश के चलते भवन का बैसमेंट बेहद कमजोर होकर हादसों की वजह बन सकता है।*

*डॉक्टरों ने भवन में दवाइयों को बारिश के पानी से बचाने के लिए तिरपाल का सहारा लिया है। सूत्रों की मानें तो डॉक्टरों को अंदेशा है कि कहीं भवन का कोई हिस्सा ढह न जाए। ऐसे में वह अधिकांश समय भवन से दूर रहकर ही पशुओं का इलाज कर रहे हैं। इस अस्पताल में क्षेत्र के सैकड़ों गावों के पशुओं का इलाज किया जाता है। जानकारी के अनुसार पशु चिकित्सा के लिए करीब 25 लाख की लागत से नया भवन वर्ष 2013 में मिला था। लेकिन, उपरोक्त भवन के निर्माण की गुणवत्ता का अंजादा इसी बात से लगाया जा सकता है कि महज 12 वर्ष के भीतर ही भवन जर्जर स्थिति में आ गया है। दीवारों में दरारें आ गई हैं, तो वहीं प्लास्टर गिरने लगा है। उक्त भवन की मरम्मत के लिए भी प्रशासन ने कोई गंभीर कदम नहीं उठाए हैं। अस्पताल प्रबंधन की बार-बार सूचना के बावजूद एक बार भी यहाँ कोई मरम्मत नहीं की गई।*

## वर्ष 2013 में 25 लाख की लागत से हुआ था भवन का निर्माण

### कई बार दी उच्च अधिकारियों को सूचना

*नवागढ़ पशु चिकित्सालय के प्रभारी डॉ विजय कुर्रे ने बताया कि यह भवन बहुत पहले से ही जर्जर हो गया है। इसकी सूचना कई बार उच्च अधिकारियों एवं संबंधित विभाग को दी गई है, लेकिन आज तक इसके मरम्मत के संबंध में कोई भी प्रयास नहीं किया गया। भवन की दुर्दशा के चलते हमें यहां दवाइयां, आवश्यक सामग्री एवं दस्तावेज रखने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यदि मरम्मत नहीं किया गया तो कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।*



### उप-शाखाओं में भी अव्यवस्था

*डॉ कुर्रे ने बताया कि नवागढ़ ब्लाक में नवागढ़ अस्पताल के अतिरिक्त इसकी आठ उप-शाखाएं हैं। जिसमें मारो, नांदघाट एवं अंधियारखोर के अस्पताल के भवन भी बहुत कमजोर हो गए हैं। वहीं बदनारा कुंरा एवं प्रतापपुर शाखा को आज भी स्थाई भवन नहीं मिल पाया है, जो की व्यवस्था के तहत संचालित है।*

## समस्या : काम की गति धीमी होने और जिम्मेदारों की मनमानी ने बढ़ाई ग्रामीणों की मुसीबत

# पाइप बिछाने के बाद बिना भरे छोड़ दिए गड्ढे, लोगों का आना-जाना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा करवाया जा रहा समूचे ज़लिभर में नल-जल योजना अंतर्गत पानी टँकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तार का कार्य जोरों पर है। लेकिन, इस निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा गाँवों में पाइपलाइन बिछाते वक्त बड़ी मनमानी की जा रही है। सीसीरोड, सड़क व नालियों को तोड़कर बगैर मरम्मत के ही खुला छोड़ दिया जा रहा है, जो गाँव-गाँव में बड़ी समस्या बनकर स्थानीय प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती का विषय बन गया है।

दरअसल शासन-प्रशासन की दिशानिर्देश पर चारों विकासखंड अंतर्गत गाँव-गाँव में जल आपूर्ति के लिए पाइप बिछाने के लिए सुंदर सड़क व नालियों को तहस-नहस कर तोड़ तो दिया जाता है किंतु तोड़ने के बाद ठेकेदार द्वारा पाइप बिछवाने के टूटे सड़क के मटेरियल को भरकर बिना रिपेयरिंग के ऐसे ही खुले छोड़ देते हैं। इससे विभिन्न गाँवों में सड़क व नाली निकासी जैसी मूलभूत सुविधा बर्बाद हो चुकी है जिसमे लगातार हादसे भी हो रहे हैं और वहीं नाली निकासी व्यवस्था भी लगातार चौपट हो रही है। किन्तु ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन विस्तार के बाद जरा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लिहाजा गाँवों में स्थानीय पंचायत प्रशासन के प्रति नाराजगी व आक्रोश बढ़ने लगा है। वहीं, इस मनमानीपूर्ण निर्माण कार्य से पंचायत प्रशासन को सरोकार नहीं है। वह एक पंचायत प्रशासन के तौर पर ठेकेदार व विभाग को समस्या से अवगत करा सकता है, किंतु इस समस्या का उचित समाधान जिम्मेदार निर्माण ठेका एजेंसी व सम्बन्धित अधिकारी को करने की जरूरत है। जिलेभर के अधिकांश गाँवो में पाइपलाइन बिछाने के वक्त सड़क तोड़कर खुला छोड़ने की समस्या आम बात है। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा भी उदासीन व खामोश नज़र आ रहा है। आलम यह है कि ज़लि के चारों जनपद पंचायत इलाकों से दर्जनों ग्राम पंचायत सरपंचों द्वारा लगातार शिकायत भी की जा रही है। ठेकेदार द्वारा गाँव में लाखों रूपये की लागत से तैयार सड़क व नाली को खराब करने का आरोप लगाया जा रहा है। बावजूद इसके शासन-प्रशासन के जिम्मेदार लोग इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ऐसे में उनकी कार्यप्रणाली को लेकर तरह-तरह के सवाल उठने लगे हैं।





**कठिया में पाइप बिछा दी, गड्ढा छोड़ दिया :** ताज़ा मामला बेरला विकासखंड के ग्राम कठिया का बताया जा रहा है, जहाँ महीनेभर आरसीसी रोड को तोड़कर पाइप तो बिछा दी गई, किन्तु गड्ढे को ज्यों का त्यो रिपेयरिंग करने के बजाए मटेरियल भरकर अधूरा छोड़ दिया गया है। इससे उक्त सड़क पर आवागमन काफी परेशानी व चुनौतीभरा हो गया है। वहीं, आम लोगों द्वारा इस सम्बंध में स्थानीय पंचायत प्रशासन को दोष दिया जा रहा है, जो कि स्पष्ट रूप से ठेकेदार व पीएचई विभाग की गलती है।

### नालियों को भी नुकसान

इसी तरह साजा विकासखण्ड में कुछ पंचायत ऐसे भी हैं, जहाँ करीब दो साल से ऐसी ही स्थितियों से रोजाना ग्रामीणों को अवगत होना पड़ रहा है। इसमें बरसात में काफी मशक्कत व जद्दोजहद कर गुजरना पड़ता है जो कि गम्भीर चिंता का विषय है। जबकि, नवागढ़ विकासखण्ड के गाँवों में लोगों का कहना है कि शासन-प्रशासन द्वारा उनके यहां पानी टँकी निर्माण कर नल जल कनेक्शन भी पूरा कर लिया गया है जबकि नलों में योजना के अनुरूप अभी भी पानी की शुरुआत नहीं हो पाई है। इसके अलावा बेमेतरा विकासखंड अंतर्गत पंचायत के जनप्रतिनिधियों के कहना है कि उनके यहाँ के नाली-निकासी को सीधा नुकसान पहुंचा दिया है जिससे गाँव का नाली निकासी और पेयजल का नलजल कनेक्शन एक ही मिल गया है जिससे मरम्मत के अभाव में क्षेत्रवासियों स्वच्छ व साफ पानी मिलना दुःस्वप्न हो जाएगा।

# नियमों का उल्लंघन, कीटनाशक विक्रेताओं व कृषि केंद्र पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- बेरला एसडीएम ने किया दुकानों का निरीक्षण

ज़िले में आगामी खरीफ सीजन में किसानों को समय पर बीज, कीटनाशक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु जिला प्रशासन सख्त है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने ज़िले के सभी एसडीएम को अपने-अपने विकासखंडों में कृषि केंद्र एवं कीटनाशक विक्रय केंद्र के निरीक्षण कर नियमानुसार व्यवस्था देखने के निर्देश दिये है। निर्देशों के परिपालन एवं कृषि केंद्र एवं कीटनाशक विक्रय केंद्र से नियमानुसार बिक्री, पंजी, मूल्य सूची आदि का निरीक्षण करने ज़िले के सभी एसडीएम सक्रिय हो गये है। अपने-अपने क्षेत्र के कृषि केंद्र एवं कीटनाशक विक्रय केंद्र के निरीक्षण का निरीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई भी कर रहे है।

इसी कड़ी में बीते बुधवार को विकासखंड बेरला एसडीएम पिंकी मनहर ने कृषि केंद्र एवं कीटनाशक विक्रय केंद्र मधुर कृषि केंद्र बेरला का औचक निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान उन्हें विक्रय केंद्र में कई अनियमितता मिली। जैसे स्कंध पंजी स्टाफ रजिस्टर, अनियमित है, वही कीटनाशक दवाएं,बीज की एक्सपायरी सामग्री काफी मात्रा में मिली। विक्रय केंद्र पर एक ही प्रांगण में कृषि दवा, बीज विक्रय केंद्र तथा हार्डवेयर का दुकान संचालित है।कीटनाशक दवाएं बीज विक्रय से संबंधित व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण रजिस्टर तथा उनसे संबंधित कोई भी पंजी संधारित नहीं है। विक्रय विक्रय केंद्र पर कीटनाशक अधिनियम विभिन्न कंडिका का उल्लंघन भी पाया गया। ना ही विक्रय केंद्र पर मूल्य सूची का संधारण पाया गया। इसके अलावा नियमानुसार पंजी संधारित नहीं की जा रही थी। फ़र्म के विरुद्ध नियमों का उल्लंघन पर कार्रवाई की जा रही है। तहसीलदार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बेरला, राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

# समिति प्रबंधकों से वसूली के मामले की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- कलेक्टर ने गठित की तीन सदस्यीय जांच समिति

सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर जिले में स्थित धान खरीदी केन्द्रों के समिति प्रबंधकों से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नाम पर नोडल कार्यालय बेमेतरा के दो अधिकारियों द्वारा पचीस-पचीस हजार रूपये की चंदा उगाही अवैध रूप से किए जाने की खबर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने शिकायत को अत्यंत गंभीरता से लिया।

उन्होंने तुरंत संज्ञान लेते हुए उक्त शिकायत की जांच के लिए तीन सदस्यी जांच समिति गठित की है। कलेक्टर ने समिति में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी डॉ. अनिल कुमार बाजपेयी, अनुविभागीय दण्डाधिकारी बेमेतरा घनश्याम सिंह तंवर और डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई शामिल हैं। ये जांच समिति 15 दिवस के भीतर तथ्यात्मक प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे। गौरतलब हो कि जिले धान खरीदी केन्द्रों के समिति प्रबंधकों से सहकारी बैंक के दो अधिकारी खरीदी केंद्रों में धान के सूखत आने के सेटलमेंट किए जाने को लेकर उच्च अधिकारियों के नाम से रकम मांगा जा रहा है। कई समिति प्रबंधकों से दबाव पूर्वक राशि वसूल किए जाने का मामला जहां सामने आ रहा है, वहीं जिले में अवैध राशि वसूलने की जमकर चर्चा हो रही है। इस चर्चा को ▶▶| शेष पेज 11 पर

# सूने घर में चोरी के मामले में दो आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- मुखबिर की सूचना पर मारो चौकी पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस चौकी मारो में बीते 1 अप्रैल को नगर पंचायत के वार्ड 12 के घर से सोने,चांदी के गहने एवं टीवी, इंडेक्शन, ड्रायर, कपडा सहित 1लाख रुपए से अधिक के घरेलू समान चोरी हुई थी। उक्त चोरी के मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है।



पुलिस के अनुसार आरोपी शेखर टण्डन पिता विजय टण्डन उम्र 24 साल वार्ड 10, सुरज जांगडे पिता धनेश जांगडे उम्र 19 साल वार्ड 10 नगर पंचायत मारो से चोरी किए गए सामान को बरामद कर उनके विरुद्ध धारा 457, 380, 34 भादवि पंजीबद्ध किया ओर नयायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 2 अप्रैल प्रार्थिया खेमवती सोमित पति स्व. राकेश सोमित उम्र 30 साल निवासी वार्ड क्रं. 12 नगर पंचायत मारो ने पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि रामकुमार पठारे के मकान वार्ड क्रं. 12 में किराये से रहती हूं। 1 अप्रैल की शाम 4 बजे अपने बच्चो को लेकर ग्राम मोहलाईन चली गई थी दूसरे दिन सुबह 6:30 बजे वापस घर आयी तो घर के दोनों कमरों के ताले टूटे हुए थे। घर के अंदर रखे आलमारी का लाकर टूटा हुआ था। लाकर में रखे सोने की चैन वजनी 01 तोला, सोने की फुल्ली 03 नग व सोने का टाप्स 04 ग्राम, चांदी के पायल, एक नग स्मार्ट टीवी वेस्टेल कंपनी का एक इंडेक्शन बजाज कंपनी टाटा स्काई व रिमोट कपड़ा एवं नगदी रकम 12,000 रू सहित अन्य घरेलू समान किसी अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है ।उक्त रिपोर्ट पर चौकी में धारा 457, 380, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। ओर घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया । जिस पर पुलिस अधीक्षक ▶▶| शेष पेज 11 पर

## भीषण गर्मी के बीच मौसम विभाग ने दी जानकारी

# अब 40 पार पहुंचेगा पारा, कल से फिर हो सकती है बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पश्चिमी हवा के प्रभाव से गुरुवार को तेज गर्मी पड़ी, शहर का तापमान 39.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में पर 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा पहुंच जाएगा। उसके बाद फिर से मौसम बिगड़ने के आसार हैं, यानी बारिश की स्थिति बन सकती है ।अप्रैल महीने में मौसम के इस उतार-चढ़ाव से लोगों के सेहत पर भी प्रभाव पड़ सकता है । मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार को जिले का अधिकतम तापमान 39.9 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस ज्यादा है ,न्यूनतम तापमान 21.0 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा है यह भी एक डिग्री सेल्सियस नीचे आया है । गुरुवार को सबसे ज्यादा गर्म जिला मुख्यालय सहित अंचल रहा है।



### 2 दिनों में 2 डिग्री सेल्सियस चढ़ेगा पर

मौसम विभाग के मुताबिक आज शुक्रवार तक 2 डिग्री सेल्सियस तक पारा आगे बढ़ सकता है। यानी 40 डिग्री सेल्सियस से लेकर 41 डिग्री सेल्सियस की स्थिति अभी से ही बन सकती है । ऐसी स्थिति में लोगों को अप्रैल महीने में भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। वैसे मौसम विभाग ने इस साल रिकॉर्ड तोड गर्मी होनें की संभावना जताई है ।मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि बेमेतरा जिले सहित प्रदेश में 4 अप्रैल को मौसम शुष्क रहा वहीं प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है उसके बाद 6 अप्रैल से वर्षा का दौर प्रारंभ हो सकता है मार्च महीने में भी बारिश हो चुकी है अप्रैल में बारिश के बाद मौसम भीषण गर्मी के आसार बनेंगे।

### स्कूली बच्चों को राहत, अब 11: बजे तक ही पढ़ाई

पिछले कुछ दिनों से तेज होती धूप और बढ़ते तापमान से हलाकान स्कूली बच्चों को राहत मिल जायेगा क्योंकि प्रदेश स्तर से एक आदेश जारी किया गया है जिसके बाद अब सभी जिलों में स्कूल सुबह 11:00 बजे तक ही संचालित की जाएगी ।हालांकि दो पालियों में लगने वाली स्कूलों के लिए दोपहर 3:00 बजे तक राहत दी गई है । गौरतलब हो कि गर्म हवाओं के आगमन से मौसम गर्म हो गया है तेज गर्मी के चलते सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों को भी दिक्कतें हो ही थी पालक भी लगातार समय में बदलाव की मांग कर रहे थे इस बीच बीते बुधवार को लोक शिक्षण संचालक विभाग द्वारा आदेश जारी कर सभी जिलों में 4 से 30 अप्रैल के मध्य पालन करने कहा है।

### सलधा में उपनयन व जनेऊ संस्कार 26 को

**बेमेतरा।** शिवगंगा आश्रम सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा में अनंत श्रीविभूषित उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती महाराज के कृपा पात्र ब्रम्हचारी ज्योर्तिमयानंदः के सानिध्य में 26 अप्रैल शुक्रवार को ब्राह्मण बटुकों का एकदिवसीय उपनयन, जनेऊ संस्कार का आयोजन किया गया है। आयोजन पूर्णतः निःशुल्क है। बटुकों के परिजनों से कहा गया है कि वे अपने साथ बटुक का मौर, कटार, खड़ाऊं एवं हथवा का नारियल एवं बारात निकलते समय पहनने का कपड़ा साथ लाएं। आश्रम के सदस्यों से संपर्क कर बटुक का नाम, उम्र, माता पिता का नाम, संपर्क नंबर लिखवाकर स्थान सुरक्षित करा लेने को कहा गया है। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा। उपनयन संस्कार में शामिल लोगों के लिए निःशुल्क भोजन, भंडारे की व्यवस्था आश्रम द्वारा की गई है।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### सीएसआर मद से 21 स्कूल में होगी पेयजल की उपलब्धता

दुर्ग। गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा जारी किए गए सीएसएसआर मद की राशि से 21 ग्रामों के स्कूल, अस्पताल, पंचायत भवन एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में परियोजना संचालित की जाएगी। जिसके लिए गेल (इंडिया) के महाप्रबंधक नजीब कुरैशी ने 50 लाख की परियोजना में पहली किस्त स्वरूप 25 लाख रूपए की राशि कलेक्टर सुश्री चौधरी को प्रदान की। इस दौरान बाला चंद्रा उप महाप्रबंधक गेल (इंडिया) लिमिटेड एवं सौरभ सिंह मुख्य प्रबंधक गेल (इंडिया) लिमिटेड मौजूद थे।

### आंगनबाड़ी संचालन के समय में परिवर्तन

दुर्ग। जिले में भीषण गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए ग्रीष्मकाल अवधि 8 अप्रैल से 15 जून तक आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय 6 घंटे से घटाकर 4 घंटे किया गया है। ग्रीष्मकाल उपरांत 16 जून से पुनः आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन सुबह 9.30 से 3.30 बजे तक 6 घंटे के लिए किया जाएगा।

### रेण्डमाईजेशन से संबंधित बैठक संपन्न

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत रेण्डमाईजेशन से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद एक्का, अपर कलेक्टर श्रीमती योगिता देवांगन, जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन, एआरओ हरवंश मिरी, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, एसडीएम धमधा सोनल डेविड, एसडीएम पाटन दीपक निकुंज एवं डिप्टी कलेक्टर शलवकेश ध्रुव उपस्थित रहें।

### सभा, रैली की अनुमति लेने अधिकारी नियुक्त

दुर्ग। विधानसभावार नोडल अधिकारी एवं पर्यवेक्षण अधिकारी नियुक्त किया है। विस क्षेत्र 62 पाटन के नोडल अधिकारी आशीष बंछोर अनु अधिकारी पुलिस पाटन एवं पर्यवेक्षण अधिकारी वेदव्रत सिरमौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण होंगे। विधानसभा क्षेत्र 63 दुर्ग ग्रामीण के नोडल अधिकारी विनोद कुमार मिंज उप पुलिस अधीक्षक अजाक एवं पर्यवेक्षण अधिकारी वेदव्रत सिरमौर अतिरिक्त पुलिस अधिकारी ग्रामीण थाना उतई, अण्डा और अभिषेक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग थाना दुर्ग, पद्मनाभपुर, पुलगांव होंगे। विधानसभा क्षेत्र 64 दुर्ग शहर के नोडल अधिकारी चिराग जैन नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग एवं पर्यवेक्षण अधिकारी अभिषेक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग को, विधानसभा क्षेत्र 65 भिलाई नगर के नोडल अधिकारी सत्यप्रकाश तिवारी नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर एवं पर्यवेक्षण अधिकारी सुखनंदन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर होंगे।

# चुनाव कराने वाले 7 हजार कर्मचारियों को बंटा डेढ़ करोड़ मानदेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव संपन्न कराने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को करीब डेढ करोड रूपए से अधिक की मानदेय राशि जारी कर दी गई है। आयोग द्वारा खाते में राशि जारी किए जाने से कर्मियों ने राहत की सांस ली है।

उल्लेखनीय है कि, विधानसभा चुनाव के पहले ही राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा सभी सीटो के लिए मानदेय राशि जारी कर दी गई थी। दुर्ग जिले के लिए भी करीब डेढ करोड रूपए जारी किया गया था। बहरहाल जिला निर्वाचन आयोग ने मानेदय राशि जारी किए जाने के बाद फिर से लोकसभा चुनाव में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने में जूट गई है।

मिली जानकारी अनुसार सबसे ज्यादा 5940 मतदान दलों को 57 लाख 91 हजार 500 रूपए (900/1200) जारी किया गया है। इसी तरह सेक्टर अधिकारी 132 (7500) को मानेदय करीब नौ लाख नब्बे हजार रूपए जारी किया गया है। जिला उप निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे ने बताया कि, चुनाव में सेवा देने वाले सभी कर्मियों को मानदेय राशि जारी हो चुका है।

## सात हजार से अधिक कर्मियों के खाते में मानेदय राशि जारी

### चुनाव में लगे इन कर्मियों को मानदेय जारी

विधानसभा चुनाव में लगे मतदान दल, सेक्टर अधिकारी, मतगणना पर्यवेक्षक, एमसीएमसी, काल सेंटर, एईओ, अकाउंट टीम, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी, वीएसटी, बीएलओ, माईक्रो आब्जर्वर, सुरक्षा कर्मियों और मतदान दल रिजर्व सहित वाहन प्रभारी, मास्टर ट्रैनर्स नोडल अधिकारियों को एक करोड 53 लाख 4686 रूपए राशि उनके खाते में जारी कर दिए गए है।




### प्रत्येक सीट के लिए 25 लाख रूपए का आवंटन

निर्वाचन आयोग की ओर से औसत प्रत्येक विधानसभा के हिसाब से, 25-25 लाख राशि आबंटित की गई है। इसके तहत रायपुर जिले को 7 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 1 करोड़ 75 लाख, दुर्ग को 1 करोड़ 53 लाख और बिलासपुर जिले को 1 करोड़ 50 लाख राशि 6-6 विधानसभा क्षेत्रों के हिसाब से दिया गया है। हांलाकि इसमें मानदेय के अतिरिक्त भोजन आदि पर किये गये व्यय देय नहीं होगी।

## तैयारी : विभागीय बजट में प्रस्ताव शामिल, आचार संहिता के चलते अटका

# बारह करोड़ रुपए की लागत से ठगड़ा बांध का होगा गहरीकरण

## जलस्तर गिरने से आसपास के वार्ड में बनी है समस्या, सात हजार आबादी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर में 16 करोड रूपए की लागत से तैयार किए गए ठंगडा बांध में गहरीकरण के लिए बारह करोड रूपए खर्च किए जाएंगे। गहरीकरण के आलावा तांदुला नाला का जीर्णोध्दार भी किया जाएगा, ताकि जरूत पडने पर यहां पानी छोडा जा सके। इसके लिए जल संसाधन विभाग के बजट में बारह करोड रूपए का प्रावधान किया गया है। बजट में प्रस्ताव शामिल किए जाने के बाद जल्द ही सेक्शन कराए जाने की तैयारी थी। लेकिन अब आचार संहिता समाप्त होने के बाद प्रोजेक्ट को अमलीजामा पहनाया जाएगा।

उल्लेखनीय हैं कि, ठंगडा बांध में भले ही सोलह करोड रूपए खर्च कर इसे तैयार किया गया है। लेकिन बांध में पानी का ठहराव नही होने के चलते यहां की सुंदरता पर दाग लग रहा है। यही नहीं ठंगडा बांध के प्रोजेक्ट तैयार किए जाने के दौरान यहां पानी निकासी किया गया था। जिसके चलते आसपास के नौ वार्डो में जलस्तर की भी समस्या सामने आ रही थी। ऐसे में लोगों को खासकर गर्मी के दिनों में जलस्तर गिरने से पेयजल की समस्या से जूझना पड रहा था। लेकिन वर्तमान में विधायक गजेन्द्र यादव के पहल पर प्रस्ताव तैयार कर लिया है। विधायक के पहल के बाद जल संसाधन विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। अफसरों ने बताया कि, विधायक के प्रस्ताव को विभागीय बजट में शामिल कर लिया है। सेक्शन मिलते ही आचार संहिता के बाद शुरू कराया जाएगा।



### बारिश का रहेगा दौर होगी चुनौती

लोकसभा चुनाव के चलते विगत मार्च में ही आचार संहिता लागू है। ऐसे में लोकसभा चुनाव के परिणाम जून में आने के बाद ही विभागीय कार्य पटरी पर लौटेगें। जून माह में मानसून सक्रिय हो जाता है। ऐसे में अफसरों को राशि सेक्शन कराने के साथ कम समय में गहरीकरण कार्य कराना चुनौती से कम नही होगी। बताया जा रहा है कि, इसके पहले भी बांध का गहरीकरण किया गया था, लेकिन इसके बाद भी गर्मी में बांध सूखने लगा है।

### जलस्तर गिरने से बोटिंग भी बंद

ठंगडा बांध आसपास के वार्डो के लिए जीवनदायिनी रही है। बहरहाल गर्मी के कारण मार्च माह में यहां जलस्तर गिरने लगा है। जिसके बोटिंग भी बंद कर दिया गया है। पर्यटक यहां सिर्फ सैर करने पहुंच रहे है। लेकिन बोटिंग की सुविधा नही मिलने से उनमें मासूसी भी दिख रही है। इसके गहरीकरण से बांध में पानी जहां स्टोर होगा, वहीं आसपास पेयजल की समस्या दूर होगी।

### बांध में गहरीकरण से मिलेगी राहत

ठंगडा बांध का सौन्दर्यीकरण किए जाने के लिए वर्ष 2021 में यहां से पानी निकासी कराया गया था। जिसके चलते आसपास के नौ वार्डो का जलस्तर गिर गया था। इसमें जोगी बस्ती, माली बस्ती, पद्नाभपुर के दोनो वार्ड, कसारीडीह के दोनो वार्ड और गुरूघासीदास वार्ड, केलाबाडी वार्ड, सुराना कालेज वार्ड सहित सिविल लाइन के वार्डो में जलस्तर गिरने से संकट उत्पन्न हुई थी। बहरहाल गहरीकरण किए जाने से ऐसा कहा जा रहा है कि, जलस्तर में इजाफा होगा।

### बजट में शामिल

ठंगडा बांध का प्रस्ताव विभागीय बजट में शामिल हो चुका है। आचार संहिता के बाद सेक्शन होती ही गहरीकरण और तांदुला नाला निर्माण का कार्य व्यस्थित रूप से होगा। **-एसके पांडेय,** ईई जलसंसाधन विभाग

### मिलेगा फायदा

ठगडा बांध का जलस्तर बढने से लोगों को पेजयल की समस्या से राहत मिलेगी, वही बांध में पानी का ठहराव होगा। मैने प्रस्ताव जलसंसाधन विभाग को भिजवाया है। **-गजेन्द्र यादव,** विधायक दुर्ग

# पिछले साल से चालीस करोड़ की अधिक आय



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग ऋचा प्रकाश चौधरी के मागदर्शन में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 140.54 करोड़ का सकल लाभ अर्जित किया, जो कि विगत वर्ष की तुलना में लगभग 40 करोड़ अधिक है।

- बैंक ने अर्जित किया 140 .53 करोड़ का सकल लाभ

प्रदेश के अन्य सहकारी बैंकों की तुलना में दुर्ग बैंक का लाभ पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में सर्वाधिक है। आज कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग सुश्री चौधरी को मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एस.के. जोशी द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर बैंक के वित्तीय स्थिति की जानकारी दी गई। वित्तीय वर्ष 2023-24 में बैंक की अमानते 5971.69 करोड़ रहा। जिसमें 59.49 प्रतिशत की वृद्धि हुई, ऋण वसूली (1499.54 करोड़) 83.23 प्रतिशत हुआ जिसमें गत वर्ष में 3.49 प्रतिशत की वृद्धि हुई, साथ ही बैंक के एन.पी.ए. में 3.06 प्रतिशत की कमी हुआ, बैंक का सकल लाभ 140.54 करोड़ हुआ जो कि विगत वर्ष की तुलना में 39.86 प्रतिशत अधिक है इस प्रकार बैंक के सभी मदों में आर्थिक प्रगति हुई है। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के साथ-साथ बैंक में कार्यरत समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा है कि सहकारी बैंक किसानों का बैंक है एवं उनकी सुविधाओं व उन्नति के लिए बैंक द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

### ए ग्रेड में शामिल होगा बैंक

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के सीईओ एसके जोशी ने बताया कि, बैंक की महत्वपूर्ण उपलब्धि यह रही है कि अब यह बैंक ए ग्रेड में आ गया है। पैक्स कम्प्यूटराईजेशन कार्य में भी आज की स्थिति में दुर्ग बैंक द्वारा 8 समिति को गो लाइव किया जाकर प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

# ट्रेनें हो रही थीं रद्द, तब कहां थे सांसदः राजेंद्र साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र ने उठाए सवाल

लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू ने कहा कि, पांच साल का कार्यकाल बीतने के बाद भी पूर्व के भाजपा सांसद के पास उपलब्धियां बताने के लिए कुछ भी नहीं, सदैव जनता से दूर रहने वाले समय पहले सांसद है। आज तक दुर्ग जिले के लिए सांसद निधि से कोई भी कार्य नही करवाए है। राजेन्द्र ने कहा कि, छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली सैकड़ों ट्रेनें पिछले पांच साल में रद्द की गई, लेकिन सांसद के रूप में भाजपा के ने कभी भी रद्द होती ट्रेनों को लेकर न संसद में आवाज उठाई, न पीएम और रेलमंत्री से मिलकर रेलयात्रियों की समस्या को सुलझाने की कोशिश की। पांच साल तक रद्द होती ट्रेनों से हलाकान होते रहे रेलयात्रियों की समस्या पर चुप्पी साधने वाले भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अब दोबारा किस मुंह से आम जनता से वोट मांग रहे हैं।

### महंत के हेट स्पीच की आयोग से शिकायत

दुर्ग। राजनांदगांव लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के नामांकन हेतु 2 अप्रैल 2024 को आयोजित जनसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में दिए गए बयान को अमर्यादित, अपमानजनक, अभद्र, भड़काऊ और हिंसात्मक भाषण अर्थात हेट स्पीच की श्रेणी में मानते हुए भाजपा ने इसकी शिकायत भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग को की है। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की न्यायिक प्रक्रिया और चुनाव आयोग समन्वय समिति के सौरभ चौबे, सुरेंद्र कौशिक और राजेंद्र कुमार पाध्ये ने चरणदास महंत के खिलाफ हेट स्पीच किए जाने संबंधी शिकायत दर्ज कराई है।

# गंदे पानी की बोतल लेकर जलगृह पहुंचे पार्षद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- पार्षद नारायणी ने टैंकर भेजने में लगाया भेदभाव का आरोप

वार्डों से पेयजल संकट की शिकायतें सामने आने लगी है। जिससे वार्डवासियों को पेयजल के लिए परेशानियां उठानी पड़ रही है। गंदा प्रदूषित पेयजल भी चिंता का कारण बना हुआ है। आमापारा वार्ड क्रमांक-12 पश्चिम के विजयनगर क्षेत्र से बुधवार को गंदा पेयजल आपूर्ति होने की शिकायतें भी सामने आई है। इससे आक्रोशित वार्ड के पार्षद अजीत वैद्य एक बोतल में गंदा पेयजल लेकर स्वयं वार्डवासियों के साथ नगर निगम के जलगृह विभाग पहुंचे थे। इस दौरान उन्होने गंदा पेयजल आपूर्ति की शिकायत की और व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर दिया। पार्षद अजीत वैद्य ने कहा कि वार्ड में कुछ स्थानों की पेयजल पाईपलाईन क्षतिग्रस्त हो गई है। जिसके माध्यम से गंदा प्रदूषित पानी घरों तक पहुंच रहा है। जलगृह विभाग से उन्हें पेयजल पाईपलाईन ठीक करवाने का आश्वासन मिलने पर वे वापस लौटे। इसी प्रकार गायत्री मंदिर वार्ड क्रमांक-25 में बुधवार को पेयजल संकट से लोग परेशान रहे। पेयजल संकट की शिकायत वार्ड के पार्षद राजकुमार नारायणी तक भी पहुंची। उन्होने लोगों को पेयजल संकट से राहत दिलाने नगर निगम के जलगृह विभाग में संपर्क किया, लेकिन वहां बैठे जिम्मेदारों ने पार्षद के शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होने कहा पेयजल के वैकल्पिक व्यवस्था टैंकर वार्डों में भेजने भेदभाव किया जा रहा है।

# तालाबों की सफाई पर रखें खास ध्यान आसपास लगाए जाएं पौधे : आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम द्वारा क्षेत्र के तालाबों को संवारने का काम किया जा रहा है। सोमवार को निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने पोलसायपारा तालाब एवं क्षेत्र सहित स्टेशन रोड का निरीक्षण कर जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने दुर्ग निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले तालाबों को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को दिए हैं। आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने वार्ड क्रमांक 27 पोलसायपारा तालाब परिसर पहुंचे। वहां उन्होंने तालाब के आसपास के पूरे परिसर की सफाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा तालाब परिसर के आस पास विशेष सफाई कर पौधे लगाए जाए। उन्होंने प्रतिदिन शहर क्षेत्र के सभी तालाबों के आसपास के पूरे परिसर की सघन सफाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा तालाबो की साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखें ताकि घूमने आने वालों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। आयुक्त ने तालाब के निरीक्षण के दौरान घूमने आए हुए लोगों से भी सफाई को लेकर चर्चा की और फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि सड़क किनारे विद्युत पोल सहित चौक चौराहों से अवैध बैनर, पोस्टर निकलवाए साथ ही नालियों की गैंग लगाकर सफाई कराई जाए। गंदगी फैलाने वालों से जुर्माना की कार्रवाही भी किया जाए। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि सड़क किनारे वार्डो के भीतर सरकारी सड़क पर भवन निर्माण सामग्री या मलबा सड़क पर डाला तो उन्हें बख्शा नहीं जाए, बल्कि सामग्री को जब्त कर जुर्माना लगाया जाए। भवन निर्माण सामग्री डालकर सड़क को घेरने वाले स्थानों को चिन्हित करने का काम भी कर्मचारियों को सौंपा गया। निरीक्षण के दौरान राजू सिंह स्वास्थ्य विभाग अमला भी मौजूद थे।

- आयुक्त पंहुचे पोलसाय तालाब के निरीक्षण करने



## किसानों ने बैठक लेकर बीमा राशि जारी करने पर की चर्चा

# दावा आपत्ति करने समय देने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन द्वारा धमधा ब्लाक के खैरझिटी गांव में किसान बईठका आयोजित किया गया।

- बगैर जानकारी के गांव में सूची चस्पा, उपजा आक्रोश

जिसमें आसपास के गांव से अनेक किसान शामिल हुए, किसानों ने मौसम और आंधी पानी और ओलावृष्टि के कारण चना, गेहूं और उद्यानिकी फसलों को हुई क्षति की बात कहते हुए प्रशासन द्वारा किये गये सर्वे पर सवाल खड़े किए है।

किसानों ने कहा कि, प्रभावित किसानों को पता भी नहीं चला कि कब सर्वे हुआ और सूची बनकर तैयार भी हो गया। किसानों ने सर्वे सूची को पंचायत में चस्पा करने और दावा आपत्ति करने के लिए समय देने की मांग की है। ताकि एक भी प्रभावित किसान राहत राशि से वंचित न रह जाए। किसनों का कहना हैं कि, नियम की जानकारी नहीं होने के कारण फसल को हुई क्षति के बावजूद प्रभावित किसान बीमा लाभ से वंचित रह जाएंगे। किसान बईठका में खैरझिटी के अलावा हिरेतरा, परसकोल, पगबंधी, बिरेभाट, पेंड्रावन, डोड़की, रूहा, कोनका आदि गांवों के किसान शामिल थे, छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के उत्तम चंद्राकर, बाबूलाल साहू, बद्री प्रसाद पारकर परमानंद यादव, मनोज मिश्रा ने किसानों का मार्गदर्शन किया अध्यक्षता किसान बंधु के टेक सिंह चंदेल ने किया।



### किसानों को वंचित होने का डर

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के एड राजकुमार गुप्त ने किसानों को बीमा योजना की जानकारी देते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण फसल को हुई क्षति की जानकारी 72 घंटे में बीमा कंपनी को देने का प्रावधान है। इसकी जानकारी न होने के कारण अधिकांश प्रभावित किसानों ने समय पर सूचना नहीं दी है। किसानों ने मांग की है कि, शासन प्रशासन को दखल देने और प्रभावित किसानों को बीमा लाभ पहुंचाने का दायित्व निभाना चाहिए।

### पाटन के देमार फैक्ट्री की नहीं मिली रिपोर्ट

दुर्ग। विगत दिनों औषधि प्रशासन विभाग द्वारा पाटन के देमार गांव में पनीर फैक्ट्री पर छापामार कार्यवाही की गई थी। इस दौरान यहां नकली पनीर बनाए जाने की आशंका जताई गई थी। छापामार कार्यवाही किए सप्ताहभर बीत चुके है। अधिकारियों ने बताया था कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट दो दिन के अंदर आ जाएगी। लेकिन अब तक रिपोर्ट का पता नही हैं। पाटन ब्लाक के ग्राम देमार में स्थित दुध फैक्ट्री से प्रतिबंधित सामग्री और लाखों रूपए का दूध पाउडर, तेल का टीन, पाम आइल सहित कास्टिक सोडा और एसिड मिले थे। जिसकी कीमत 57.12 लाख रूपए से अधिक है। साथ ही मिल्क पावडर 550 बोरी मुल्य 38.50 लाख, पाम आयल 784 टीना मुल्य 12-5 लाख व कास्टिक सोडा 4 बोरी यूरिया 1 बोरी 48 लीटर एसिटिक एसिड महिल कुल 57.12 लाख के मुल्य के समाग्री को सीज किया गया था।

# निगम कार्यालय की छत पर पक्षियों के लिए किया दाना-पानी की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम कार्यालय की छत पर पक्षियों के लिए दाना पानी का इंतजाम किया गया है। इस मौके पर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि बेजुबान पक्षियों की सेवा करना हमारा पहला कर्तव्य बनता है। गर्मी के मौसम में पक्षियों के दाना-पानी की व्यवस्था करना पुण्य का कार्य होता है। गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी नहीं मिलता उनका जीना दूभर हो जाता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य तो पानी की व्यवस्था कर लेता है परंतु बेजुबान पक्षी अपनी इच्छाओं को व्यक्त नहीं कर पाते। मानवता के नाते हमें पक्षियों के दाना.पानी की व्यवस्था अवश्य करनी चाहिए। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने पक्षियों के लिए निगम कार्यालय के छत पर मिट्टी के सकोरों में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की। उन्होंने अपील कर कहा कि जागरूक लोग इनकी मदद के लिये आगे आएं। हर साल गर्मी के मौसम में न जाने कितने पक्षी प्यास और तापघात का शिकार होकर अपनी जान गवां देते है। उन्होंने कहा यदि एक छोटी-सी कोशिश अवश्य करें। उन्होंने कहा कि अपने घर की बालकनी और आंगन में आप पक्षियों के लिए पानी रख सकते हैं। प्लास्टिक या स्टील के बर्तन में पानी न रखें, धूप में इन बर्तनों का पानी गर्म हो जाता है। मिट्टी के बर्तन में पानी रखना सबसे अच्छा होता है। इन बर्तनों की नियमित सफाई करते रहें जिससे पक्षी रोगों से दूर रहें।



## खबर संक्षेप

### महतारी वंदन योजना की दूसरी किस्त जारी

**रायपुर।** महतारी वंदन योजना की दूसरी किस्त 655 करोड़ रुपए बुधवार को जारी किए गए। 70 लाख महिलाओं के खातों में एक-एक हजार रुपए की दूसरी किस्त अंतरण की गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने ट्विट में लिखा, "मोदी की गारंटी" में किये वादे को निभाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों के स्वाभिमान का सम्मान कर आज "महतारी वंदन योजना" की इस माह की किस्त जारी हुई। उल्लेखनीय है कि पहली किस्त 10 मार्च को लगभग 70 लाख विवाहित महिलाओं को महतारी वंदन योजना का पैसा डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में पहुंचा था। योजना के अंतर्गत हितग्राहियों से ऑफलाइन आवेदन प्राप्त करने तथा अपलोड किए जाने के लिए प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्र, ग्राम/वार्ड प्रभारी, पर्यवेक्षक, परियोजना अधिकारी के 68 हजार 836 से अधिक यूजर आईडी तैयार किए गए थे।

### साय सरकार में माता बहनों से ठगी लगातार जारी



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, माताओं, बहनों के खाते में महतारी वंदन की दूसरी किस्त अभी तक नहीं पहुंची। सरकार खाते में पैसा डालने की केवल बयानबाजी कर रही, पैसा नहीं डाल रही है। साय की सरकार ने साबित किया है कि झूठ, लफ्फ़ाज़ी और वादाखिलाफी ही मोदी की गारंटी है। डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ का केवल शोषण कर रही है। महतारी वंदन के नाम पर प्रदेश की 1 करोड़ 4 लाख महिला मतदाताओं में से अधिसंख्यक महिलाओं का इंतजार अब तक खत्म नहीं हुआ है। 18 से 21 वर्ष की विवाहित महिलायें पूरी तरह से ठगी गईं, यही नहीं जिन्हें पात्र बताया उनका पैसा भी खातों में अब तक नहीं आया। ऐसे हितग्रहियों की बड़ी संख्या है।

### सेक्टर अधिकारी-बीएलओ व सुपरवाइजरों को दी गई चुनाव संबंधी कार्यों की जानकारी

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच बुधवार को रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर नवीन ठाकुर ने सेक्टर अधिकारी, बीएलओ और सुपरवाइजरों की संयुक्त बैठक लेकर उन्हें चुनावी कार्यों से संबंधित जानकारी दी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर नवीन कुमार ठाकुर ने बैठक के दौरान मतदान केंद्रों में दिव्यांग मतदाता, 85 से अधिक उम्र के मतदाताओं को घर से मतदान करने के संबंध में जानकारी दी। इसके लिए सूची समय सीमा के भीतर बनाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही वोटर हेल्पलाइन, सरकारी कर्मचारी को चुनाव ड्यूटी सर्टिफिकेट एवं पोस्टल बैलेट के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने मतदान केंद्र का पुनः निरीक्षण कर आवश्यक उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर राकेश देवांगन और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मोबाइल से मतदाताओं को मिल रही निर्वाचन की जानकारी

**रायपुर।** निर्वाचन में सूचना प्रौद्योगिकी और नई तकनीकें अहम भूमिका निभा रही हैं। निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी एवं सहभागिता बढ़ाने में सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत निर्वाचन आयोग नई तकनीकों और सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग निर्वाचन को और ज्यादा सुगम, निष्पक्ष तथा समावेशी बनाने में कर रहा है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक और सजग रहना जरूरी है। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रौद्योगिकी आधारित मोबाइल एप्स विकसित कर उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया गया है। आयोग द्वारा विकसित विभिन्न मोबाइल एप्स के उपयोग से मतदाताओं की निर्वाचन प्रक्रियाओं में सहभागिता और सुविधा दोनों बढ़ी है।

# नामांकन रैली में साय ने कहा- कांग्रेस के घटिया बयान का जनता देगी करारा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महासमुंद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी की नामांकन रैली की सभा में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर दिए गए अमर्यादित बयान के लिए मैं डॉ. चरणदास महंत और कांग्रेसियों से कहना चाहता हूं कि अगर उनमें हिम्मत है, तो मैं भी मोदी परिवार का सदस्य हूं, पहली लाठी मुझे मारें।

कांग्रेसियों ने पहले भी पीएम मोदी को चौकीदार चोर है कहा था, जिसका जवाब देश की जनता ने अच्छे से दिया था। कांग्रेस के इस घटिया बयान का करारा जवाब जनता ही फिर से देगी। श्री साय ने प्रधानमंत्री की तारीफ करते हुए कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि पीएम मोदी के पहले कार्यकाल में मुझे उनके साथ पूरे 5 साल एक सांसद और राज्यमंत्री के रूप में काम करने का अवसर मिला। उन्होंने दस साल के शासन में देश के गांव, गरीब, किसान, मजदूर सबको समृद्ध बनाया, इसलिए आप सभी से मैं अशीर्वाद मांगने आया हूं कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए महासमुंद लोकसभा से बहन रूपकुमारी चौधरी को सांसद बनाकर दिल्ली भेजें और प्रदेश की पूरी 11 की 11 सीटें भाजपा की झोली में डालें।

### रूप कुमारी चौधरी को सांसद बनाकर भेजें दिल्ली

#### सांय-सांय कर रहे काम कांग्रेस का हो रहा बाय-बाय

उन्होंने कहा, हमारी सरकार बनते ही हमने मोदी की गारंटी में जो प्रमुख वादा था उसको सांय-सांय पूरा किया और सभी काम को सांय-सांय कर रहे हैं, जिससे कांग्रेस का बाय-बाय हो रहा है। कांग्रेस में भगदड़ मची है, उनके लोग पार्टी छोड़ रहे हैं और भाजपा में शामिल हो रहे हैं। लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस का बाय-बाय करना है।



#### कांग्रेस से भाजपा में आने वालों का लगा तांता

महासमुंद में नामांकन से पहले मुख्यमंत्री के समक्ष भाजपा में शामिल होने के लिए कांग्रेसियों की होड़ दिखी। महासमुंद जिला पंचायत की अध्यक्ष रही उषा पटेल, पूर्व में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष और महासमुंद नगर पालिका की अध्यक्ष रही अनिता रावटे, महासमुंद नगर पालिका के उपाध्यक्ष रहे हरबंश सिंह ढिल्लों, पिथौरा नगर पंचायत के 4 बार के अध्यक्ष रहे देव सिंह निषाद, महिला नागरिक बैंक की अध्यक्ष रही अरुणा शुक्ला, जनपद पंचायत महासमुंद के पूर्व उपाध्यक्ष नरेंद्र पटेल का नाम भाजपा में शामिल होने वालों में प्रमुख रहा। राष्ट्रीय संत गुरु असंग देव के शिष्य देवकर साहेब, जो कबीर पंथ के सन्यास परम्परा के संत हैं, उन्होंने भी अपने एक हजार साथियों के साथ भाजपा में प्रवेश किया।

#### ये थे मौजूद

आज की सभा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, मंत्री टंकराम वर्मा, लोकसभा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी, क्लस्टर प्रभारी अजय चंद्राकर, सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, विधायक भावना बोहरा, खुशवंत साहेब, योगेश्वर राजू सिन्हा, सम्पत अग्रवाल और अनुज शर्मा उपस्थित थे।

## सियासत : भाजपा और कांग्रेस ने एक दूसरे पर लगाए तीखे आरोप

# महंत के बयान पर सियासत, भाजपा ने कहा- मोदी से मांगनी चाहिए माफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी का कड़ा प्रतिकार करते हुए कहा है, 'मैं भी हूं मोदी का परिवार और कांग्रेस के नेता पहली लाठी मुझे मारें।' उन्होंने कहा, इस विषय को लेकर जनता तक जाएगी और जनता इस प्रकार के अमर्यादित बयान देने वालों को सजा देगी। श्री महंत को इस वक्तव्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माफी मांगनी चाहिए। इधर प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने इस पर पलटवार करते हुए कहा, भाजपा नेताओं ने छत्तीसगढ़ी मुहावरे का छत्तीसगढ़ी भाषा का प्रयोग करने के कारण नेता प्रतिपक्ष का माखौल उड़ाने की कोशिश की है। यह छत्तीसगढ़ी भाषा, संस्कृति के प्रति भाजपा के रवैये को प्रदर्शित करता है। भाजपा इसके लिये छत्तीसगढ़ की जनता और डॉ. महंत से माफी मांगें।

एकात्म परिसर में संवादाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, जो स्वयं ही विधानसभा के अध्यक्ष रहे हों, जो इतने लंबे कार्यकाल से संसदीय मानबिंदुओं के लिए सबको समझाते रहे हों, जो वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष हों, उन्होंने राजनांदगांव में यह कहा, जो मोदी का सिर फोड़ेगा उसको ज़िताओ। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और देवेंद्र यादव का नाम लिया है। देश के प्रधानमंत्री के संदर्भ में इस प्रकार की बयानबाजी निंदनीय है। हम कहते हैं कि 'मैं हूं मोदी का परिवार पहले लाठी मुझे मारो।' उन्होंने कहा, आज यह शब्द जन-जन के मन में है, यह जन आंदोलन का स्वरूप है। श्री महंत को इस वक्तव्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माफी मांगनी चाहिए। देश के प्रधानमंत्री के संदर्भ में ऐसी बातें कहना, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत ने लोगों को हिंसा करने के लिए प्रेरित किया है। यह आचार संहिता का उल्लंघन भी है।

### कांग्रेस बोली- छत्तीसगढ़ी भाषा संस्कृति का अपमान



#### भाजपा के पास मुद्दे नहीं




श्री शुक्ला ने कहा, भाजपा के पास मुद्दा नहीं है, मोदी ने पिछले 10 साल में कुछ काम ही नहीं किया है। बेचारे भाजपाई किन कामों को लेकर जनता के बीच में जाये। डॉ. महंत के बयान को जबरदस्ती तोड़-मरोड़ के हवा देने की कोशिश में लगे हुये है। देश और छत्तीसगढ़ की जनता बेहतर ढंग से जान रही है, मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे। भाजपाई कितनी भी कोशिश कर लें मोदी की वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार का जवाब देना होगा।

#### मोदी का माखौल उड़ाने का खमियाजा कांग्रेस ने भुगता

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा, जब जब प्रधानमंत्री श्री मोदी के लिए ऐसे शब्दों का उपयोग किया गया है, चाहे चाय वाला बोलकर उनका मखौल उड़ाया हो, चाहे नीच राजनीति करने वाला कहा गया हो, चाहे उसको काटो उसको गोली मारो और आज कहा जा रहा है कि उनका सिर फोड़ो। कभी उनके व्यक्तिगत जीवन पर आक्षेप लगाए हों, उनका कोई परिवार नहीं है। जब-जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में कहा गया है, वह बात हमेशा पलटकर कांग्रेसियों पर गई है।

#### महंत के बयान को भाजपा ने तोड़ मरोड़ कर पेश किया : सुशील

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के वक्तव्य को भाजपा ने तोड़-मरोड़ कर पेश कर स्तरहीन राजनीति करने का प्रयास किया है। नेता प्रतिपक्ष ने इस संबंध में अपना बयान जारी किया है। श्री महंत ने नरेन्द्र मोदी के ऊपर हमला करने की बात नही की थी। उन्होंने राजनैतिक रूप से मुकाबला करने के लिये वैसी ही मजबूती के साथ उनके सामने खड़ा होने की बात कही और छत्तीसगढ़ी मुहावरे, का प्रयोग किया। भाजपा नेताओं ने छत्तीसगढ़ी मुहावरे का छत्तीसगढ़ी भाषा का प्रयोग करने के कारण नेता प्रतिपक्ष का माखौल उड़ाने की कोशिश किया है।

## चुनाव आयोग ने कांकेर महासमुंद और राजनांदगांव लोकसभा में नियुक्त किया प्रेक्षक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कांकेर, महासमुंद और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में आम चुनाव के लिए सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक और व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है। आयोग ने कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2005 बैच के अधिकारी डॉ. एमटी रेजु को सामान्य प्रेक्षक, भारतीय पुलिस सेवा के 2011 बैच के अधिकारी एम. राकेश चंद्र कलासागर को पुलिस प्रेक्षक और भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) के 2014 बैच के अधिकारी संदीप मोंडल को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया है।

भारत निर्वाचन आयोग ने राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के शशि रंजन को सामान्य प्रेक्षक, भारतीय पुलिस सेवा के 2014 बैच के अधिकारी योगेन्द्र कुमार को पुलिस प्रेक्षक तथा भारतीय प्रतिरक्षा लेखा सेवा (आईडीएएस) के प्रवीण रंजन को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया है। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2004 बैच के अधिकारी डॉ. समित शर्मा को सामान्य प्रेक्षक एवं भारतीय पुलिस सेवा के 2011 बैच के अधिकारी एम राकेश चंद्र कलासागर को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। आयोग द्वारा महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत महासमुंद जिले के लिए भारतीय राजस्व सेवा के 2014 बैच के अधिकारी मनीष कुमार डबास को तथा धमतरी और गरियाबंद जिले के लिए भारतीय राजस्व सेवा के 2016 बैच के अधिकारी श्री राम प्रभु उदय आर को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

## अनुकंपा नियुक्ति विधवा पेंशनरों को अब सेवा व परिवार पेंशन दोनों में मिलेगा डीए

### संचालनालय ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि के आदेश पर वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी ने संबंधित बैंकों को निर्देश जारी किया है कि अब छत्तीसगढ़ राज्य में अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त महिलाओं को पति के परिवार पेंशन तथा पति के निधन के बाद अनुकंपा नियुक्ति पत्नी को सेवा पेंशन दोनों पेंशन में महंगाई भत्ता की पात्रता होगी।



संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि छत्तीसगढ़ के आदेश के तहत प्रदेश के सभी जिला कोषालय अधिकारियों द्वारा सभी 9 अधिकृत बैंकों को जहां से पेंशन का भुगतान होता है, इसके आदेश जारी कर दिए गए हैं। अब स्वयं की पेंशन व दिवंगत पति की परिवार पेंशन दोनों में महंगाई भत्ता की पात्रता होगी। ऐसी महिला जो अनुकंपा नियुक्ति के बाद सेवानिवृत हो गई हैं, उन्हें पति की पेंशन व स्वयं की पेंशन अर्थात सेवा पेंशन एवं परिवार पेंशन दोनों में महंगाई भत्ता की पात्रता होगी। संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि छत्तीसगढ़ तथा जिला कोषालय अधिकारियों के आदेश सभी बैंकों में प्रेषित किए जाने के फलस्वरूप मार्च की पेंशन जो अप्रैल में प्राप्त होगी, उसमें बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता के साथ पेंशनरों को इसका लाभ मिलेगा।

#### पहले किसी एक में थी डीए की पात्रता

*इसके पूर्व स्थिति स्पष्ट न होने व स्पष्ट निर्देश न होने के कारण पेंशन नियम 1977 के निर्देशों का सही ढंग से पालन नहीं किया जा रहा था। इसके कारण दिवंगत पति के स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति महिलाओं को या तो पति कह पेंशन में महंगाई भत्ता अथवा स्वयं के वेतन में महंगाई भत्ता किसी एक की पात्रता होती थी। सामान्यतः सभी महिलाएं अपने स्वयं के वेतन में महंगाई भत्ता लेती थीं। अब स्वयं के वेतन, पेंशन तथा पति की पेंशन दोनों में महंगाई भत्ता की पात्रता होगी।*

**फॉर्म भरने कांग्रेस कार्यकर्ता जगह-जगह लगा रहे हैं**

## महालक्ष्मी नारी न्याय गारंटी पंजीयन फॉर्म भरने महिलाओं की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने केंद्र में सरकार बनने पर महालक्ष्मी नारी न्याय गारंटी के माध्यम से महिलाओं को प्रतिमाह 8333 रुपए देने की घोषणा की है। रायपुर शहर के अंतर्गत आने वाले हर वार्ड में महिलाएं फॉर्म भरने उत्साहित नजर आ रही हैं। अब तक वार्डों में करीब डेढ़ लाख से अधिक फार्म वितरित किए जा चुके हैं। महिलाओं के द्वारा भरे गए फार्म को शहर जिला कांग्रेस कार्यालय में जमा किया जा रहा है।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दुबे के नेतृत्व में कार्यकर्ता डॉ खूबचंद बघेल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के वामन राव लाखे वार्ड के न्यू कर्मचारी कॉलोनी में कार्यकर्ताओं ने वार्ड स्तर पर बैठक के पश्चात महिलाओं से पंजीयन फार्म भी भरवाया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए हैं कि घर-घर जाकर कांग्रेस की महत्वपूर्ण घोषणा का पंजीयन फॉर्म अवश्य भराए। वार्ड में निवासरत वरिष्ठ कांग्रेस जनों के साथ हर हफ्ते बैठक करें। वहीं सुंदरलाल शर्मा वार्ड के महाराष्ट्रीयन तेली समाज अश्वनी नगर, साहू भवन चंगोराभांटा, भक्त माता कर्मा वार्ड के रामनगर स्थित पार्षद निवास में बैठकें आयोजित की गई थी। बैठक में मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष ठेंगड़ी, पार्षद उत्तम साहू मन्नू यादव, नरेंद्र ठाकुर, सुनीता शर्मा, संदीप तिवारी, आशुतोष शर्मा, विष्णु राजपूत, सुनील ध्रुव, तुषार पांडे, बब्बी सोनकर, मो. नियाज, मोहन साहू, डोमेश शर्मा, सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।



### कुलदीप ने बीएसयूपी कॉलोनी का किया दौरा

राजधानी के तेलीबांधा मरीन ड्राइव स्थित बीएसयूपी कॉलोनी में निवासरत महिलाओं को महालक्ष्मी नारी न्याय योजना की फॉर्म भरने उन्हें जागरूक किया। ज्ञात हो कि अपने अंदाज में पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा प्रचार प्रसार के माध्यम से लोगों के बीच पहुंच रहे हैं। इस दौरान केंद्र सरकार की विफलताओं को एवं मोदी सरकार की वादाखिलाफी बातों को लोगों तक पहुंचा कर देश हित में कांग्रेस की सरकार बनाने जन जन से आग्रह कर रहे हैं। प्रमुख रूप से वार्ड अध्यक्ष अमित कोसरिया पूर्व एल्डरमैन सुनील छतवानी, संजय सोनी, भास्कर नायक, दिनेश यादव सहित वार्ड के महिलाएं मौजूद रहे।

### नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का आदेश

**सूडा के मामलों के लिए भी प्रभारी अधिकारी तय**

## निगम आयुक्त, सीएमओ अदालत में सही तरीके से नहीं रखते पक्ष, अब ये काम करेंगे संयुक्त संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से संबंधित मामलों में प्रभारी अधिकारी (नगर निगमों के आयुक्त और मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सीएमओ) अदालतों में सही तरीके सरकार का पक्ष नहीं रख पा रहे हैं।

सरकार के ध्यान में यह बात आने के बाद अब यह आदेश जारी किया गया है कि विभाग की ओर से पक्ष रखने का काम नगरीय निकायों के सहायक, संयुक्त संचालक प्रभारी अधिकारी के रूप में पक्ष रखेंगे। उनके साथ संबंधित निकाय के आयुक्त, उपायुक्त, जोन आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सहायक प्रभारी नियुक्त किया जाएगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने एक अप्रैल को इस संबंध में एक आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि नगरीय निकायों से संबंधित न्यायालयीन वाद प्रकरणों में सचिव, संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास, को प्रतिवादी क्रमांक एक या दो के पक्ष समर्थन के लिए आयुक्त, एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया जाता है।



विभाग के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि वर्तमान स्थिति में संबंधित प्रभारी अधिकारियों द्वारा उच्च न्यायालयों, सक्षम न्यायालयों में प्रबल पक्ष समर्थन के अभाव में विभाग का पक्ष यथोचित( सही तरीके से) प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। इसकी वजह से विभाग के वाद प्रकरणों में त्वरित निराकरण में देर हो रही है।

#### अब ये होंगे प्रभारी अधिकारी

*नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश में कहा गया है कि प्रदेश के नगरीय निकायों के सहायक, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास, क्षेत्रीय कार्यालय( संबंधित) को निकाय के वाद प्रकरणों में प्रभारी अधिकारी तथा संबंधित निकाय के आयुक्त, उपायुक्त, जोन आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया जाता है। इसी प्रकार संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास के अंतर्गत स्थापना, पेंशन, यांत्रिकी प्रकोष्ठ, राज्य शहरी विकास अभिकरण से संबंधित वाद प्रकरणों में संचालनालय स्तर पर सहायक संचालक, उप संचालक, कार्यपालन अभियंता, उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) को शासन का पक्ष, समर्थन, जवाबदावा प्रस्तुत करने के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।*

## पेज 9 के शेष

### सूने घर में चोरी ...

रामकृष्ण साहू ने तत्काल आरोपी पतासाजी का निर्देश दिये। जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं एसडीओपी मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी मारो प्रभारी सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार क्षत्री को स्टाफ के साथ पतासाजी में लगाया गया। जांच पड़ताल के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि शेखर टण्डन एवं सुरज जांगडे महिला के घर से चोरी गये समान को बेचने के फिराक में ग्राहक तलाश रहे है कि सूचना पर मौके पर पहुच कर आरोपियों को घेराबंदी कर पकडा गया। उक्त दोनो आरोपियो को हिरासत में लेकर उक्त घटना के संबंध में पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गये सोने,चांदी के गहने एवं टीवी, इंडेक्शन, ड्रायर, कपडा एवं रिमोट तथा अन्य सामग्री जुमला कीमती करीबन 1,08,000 रूपये को जब्त कर बरामद किया गया। उक्त कार्रवाई में पुलिस चौकी मारो प्रभारी सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार क्षत्री, आरक्षक साधराय कौशल, राकुश वर्मा, देवभूसन कांगरे, अजय गोयल एवं अन्य थाना स्टाफ शामिल रहे।

### समिति प्रबंधकों से ...

कलेक्टर ने गंभीरता से लिया और बाकायदा इस पर जांच बैठा दी। हालांकि कई समिति प्रबंधक दबी जुबान से स्वीकार रहे है कि विभाग के एक नोडल अधिकारी बीते वर्ष भी इसी तरह से उच्च अधिकारियों एवं राजनीतिक नेताओं के नाम लेकर दबाव पूर्वक वसूला गया था ,नहीं देने पर विभिन्न प्रकार की खामियां निकाल कर समिति प्रबंधकों को जांच के बहाने तंग किया जाता है ।

**खबर संक्षेप**

## मोदी को नहीं हरा पाने पर खीझ निकाल रहे कांग्रेसी : योगेश

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत द्वारा पीएम मोदी और उद्योगपति नवीन जिंदल को लेकर दिए गए बयान को लेकर उपजा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। डॉक्टर चरण दास महंत के इस बयान को लेकर भाजपा नेता योगेश तिवारी ने कहा कि चुनाव में मोदी को नहीं हरा पाने की खीझ अपने बयानों से निकाल रहे हैं। पीएम मोदी के खिलाफ विवादित बयान देकर कांग्रेसी सुर्खियां बटोरना चाहते हैं। महंत ने राजनांदगांव में कहा कि हमें नरेंद्र मोदी सिर फोड़ने वाला आदमी चाहिए। वहीं जिंदल के लिए कहा कि ऐसे लोगों को जूते मारना चाहिए। बीते दिनों इंडी गठबंधन के लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री मोदी का उपहास उड़ाते हुए उनका परिवार नहीं होने की बात कही थी। इस पर प्रधानमंत्री ने देश की 140 करोड़ जनता को अपना परिवार बताया था। हम सभी प्रधानमंत्री मोदी का परिवार हैं। विश्व पटल पर भारत की भारत की मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विपक्षी घबराए हुए हैं।

## चेट्रीचंड के उपलक्ष्य में निकाली स्कूटर रैली

**रायपुर।** चेट्रीचंड के उपलक्ष्य में महिलाओं ने स्कूटर रैली निकाली। भाभी मां बरखा जसूजा के सानिध्य में निकाली गई रैली को लिली चौक दुर्गा मंदिर के संत अनंतपुरी गोस्वामी महाराज, आनंद कुकरेजा, श्रीचंद सुंदरानी, अमर परवानी, राजकुमार बजाज, अशोक मखीजा, महेश दरयानी समेत सभी पंचायत के अध्यक्षों ने झंडी दिखा कर रवाना किया। सिंधु पैलेस शंकर नगर से स्कूटर रैली शुरू हुई। तेलीबांधा में अजीत कुकरेजा ने रैली का स्वागत किया। रैली का समापन लाखे नगर में हुआ। सिंधु यूथ मीडिया की अध्यक्ष डिंपल शर्मा, महासचिव भावना ने बताया कि महिला स्कूटर रैली लगातार 5 वर्षों से निकाली जा रही है।

## सोनकर समाज के अध्यक्ष बने रवि

**रायपुर।** सोनकर समाज भाठागांव राज का अध्यक्ष युवा नेता रवि सोनकर को बनाया गया। इसके अलावा भाठागांव सोनकर समाज का वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजोरीराम सोनकर को चुना गया, सचिव सुरेंद्र सोनकर, कोषाध्यक्ष कृष्ण सोनकर, अंकेक्षक छबिलाल सोनकर, उपसचिव दीपक सोनकर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष कमल नारायण, नरेंद्र सोनकर और तोरण सोनकर को बनाया गया। इसी दौरान समाज के अध्यक्ष रवि सोनकर ने कहा कि हमारे समाज की प्रेरणा बिन्नीबाई सोनकर की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने की मांग शासन से की है।

## स्टेशन में फैली अव्यवस्था के खिलाफ किया मौन प्रदर्शन

**रायपुर।** रेलवे स्टेशन में फैली अव्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस के रायपुर लोकसभा सांसद प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने बुधवार को रेलवे प्रांगण के बाहर महात्मा गांधी का चित्र लेकर मौन धरना-प्रदर्शन किया। इस मौके पर श्री उपाध्याय ने कहा कि रेलवे देश और प्रदेश की जनता को सहूलियत देने वाला सफर तय करवाती है लेकिन जब से केंद्र में भाजपा सरकार आई है तब से रेलवे को बदहाली की दिशा में धकेल दिया है।

# रास्ता भटक कर आए बाघ को सुरक्षित एरिया में ले जाने बाघिन का झांसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव


बाघ की कमी से जूझ रहे छत्तीसगढ़ में महासमुंद के रास्ते भटक कर इन दिनों एक बाघ बलौदाबाजार वनमंडल के बारनवापारा के वन विकास निगम के क्षेत्र में भटक रहा है।

बाघ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन अफसर हर संभव कोशिश में जुटे हुए हैं। साथ ही बाघ के साथ किसी तरह से अनहोनी न हो, इसके लिए चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर टाइगर की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। बाघ की सुरक्षा के लिए तकनीकी उपाय भी किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बाघ को कोर एरिया में आने के लिए प्रेरिरत करने टाइग्रेस के यूरिन के प्रयोग किए जाने की जानकारी मिली है। गौरतलब है कि बाघ बलौदाबाजार वनमंडल के जिस एरिया में भटक रहा है, वहां घना जंगल होने के बजाय सामान्य वनक्षेत्र है। ऐसे में बाघ के रिहायशी क्षेत्र में घुसने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। बाघ पूरी तरह से सुरक्षित रहे, इसके लिए बाघ को घने वनक्षेत्र में ले जाना बेहद जरूरी है। सूत्रों के मुताबिक बाघ को बारनवापारा के कोर एरिया में आने के लिए प्रेरित करने जंगल सफारी के टाइग्रेस की यूरिन का बाघ जिस क्षेत्र में विचरण कर रहा है, उस रास्ते से जंगल के कोर एरिया में स्प्रे किए जाने की जानकारी मिली है। इस संबंध में वन अफसर कुछ भी बोलने से बचते नजर आ रहे हैं।

### इन ब्रिडिंग के लिए नर बाघ के भटकते हुए पहुंचने की आशंका

### साथी नहीं मिलने पर वापस चला जाएगा

वन्यजीवों के जानकारों के मुताबिक नर बाघ अपने लिए नए टेरिटरी की तलाश में सैकड़ों किलोमीटर की दूरी तय कर किसी दूसरे राज्य के वनक्षेत्र में पहुंचता है। बाघ जिस नए क्षेत्र में पहुंचता है, वहां प्रे-बेस मिलने के साथ ही साथी की जरूरत पड़ती है। बारनवापारा में बाघ के लिहाज से प्रे-बेस बेहतर है, लेकिन बाघ को वहां मेटिंग के लिए साथी नहीं मिल पाएगा। ऐसी स्थिति में बाघ नए क्षेत्र की ओर पलायन कर जाएगा।



*युवा होने की वजह से हर हाल में साथी :* जानकारों के मुताबिक बाघ की उम्र महज चार से पांच साल के बीच है, ऐसे में बाघ को हर हाल में अपने लिए साथी की जरूरत पड़ेगी। बलौदाबाजार वनमंडल में बाघ की गतिविधियों को देखते हुए उसके यहां जून-जुलाई तक रहने की उम्मीद वन अफसरों को है। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को विश्वास में लेकर बाघ को कोर एरिया में ले जाने के बाद किसी दूसरे राज्य से मादा बाघिन लाकर छोड़ना चाहिए। इससे बारनवापारा से लेकर गोमर्डा अभयारण्य एक बार फिर से बाघों की बसाहट हो जाएगी।

### यूरिन, मल से साथी की तलाश

बाघ के अलावा अन्य प्रजाति के जीव, जंतु मल तथा यूरिन के माध्यम से अपने लिए साथी की तलाश करते हैं। अफसरों को उम्मीद है कि जिस क्षेत्र में बाघ भटक रहा है, उस क्षेत्र के पेड़ों में बाघिन के यूरिन का स्प्रे करने से बाघ कई किलोमीटर दूर से सूंघ सकता है और खिंचा चला आएगा।

### यूरिन, मल के प्रयोग से संख्या 50 के पास

बारनवापारा में जिस स्थिति में बाघ पहुंचा है, वैसी ही स्थिति में मध्यप्रदेश के पन्ना टाइगर रिजर्व जो नाम का टाइगर रिजर्व रह गया था, वहां वर्ष 2008 में पेंच नेशनल पार्क से एक युवा बाघ भटकते हुए पहुंच गया था। साथी नहीं मिलने की स्थिति में बाघ वापस पेच लौट रहा था। इसके बाद वन अफसरों ने उस बाघ को ट्रैंक्यूलाइज कर वापस पन्ना लाकर छोड़ा, इसके बाद कान्हा तथा बांधवगढ़ से दो मादा बाघ लाकर पन्ना में छोड़ा गया। इसके बाद दोनों मादा बाघ के यूरिन तथा मल को मिलाकर बाघ जिस क्षेत्र में रह रहा था, उस इलाके में छिड़काव किया गया। वर्तमान में पन्ना में बाघों की संख्या 50 से ज्यादा है। राज्य में बाघों की संख्या बढ़ाने कुछ इसी तरह के प्रयास राज्य के वन अफसरों को करने होंगे।

## निरीक्षण : मरीजों का जाना हाल चाल, मौजूद स्टाफ से ली जानकारी

# रात 1.30 बजे जिला अस्पताल पहुंचे विधायक वार्ड में अव्यवस्था देखकर अधिकारी पर भड़के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधायक दीपेश साहू ने बुधवार- गुरुवार की दरमियानी रात 1:30 बजे जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। देर रात अस्पताल में विधायक को देखकर स्टाफ हैरान रह गया। अपने दैनिक दौरे कार्यक्रम से वापसी के दौरान विधायक का काफिला आधी रात बाद जिला अस्पताल पहुंचा। विधायक ने जनरल वार्ड में पहुंचकर जाग रहे मरीजों से अस्पताल में मिलने वाले इलाज और सुविधाओं की जानकारी ली। अस्पताल की साफ- सफाई व्यवस्था भी देखी। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री साहू ने अस्पताल की अव्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी से फोन पर बात कर डॉक्टरों को फटकार लगाते हुए दिशा निर्देश दिया। गरीब-मजदूर व किसान, माता हमारे भगवान है इन लोगों के इलाज में किसी प्रकार की कोताही ना बरतें। सभी डॉक्टर मरीजों के साथ अच्छे से पेश आएं और प्रेमपूर्व उनकी बीमारी का इलाज करें। डॉक्टरों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री साहू ने अस्पताल में मरीजों को दिए जाने वाले भोजन और दवाइयों के वितरण के बारे में मरीजों से जानकारी ली। मरीजों द्वारा विधायक को बताया कि छोटी- छोटी बातों पर व्यवस्था का बहाना बनाकर मरीजों को रायपुर रिफर कर दिया जाता है। इस पर विधायक ने डॉक्टरों को निर्देश दिया कि बहुत जरुरी हो तभी मरीजों को बाहर रिफर किया जाए। अन्यथा बेमेतरा में ही मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं के तहत उपचार करने का प्रयास किया जाए।

■ तत्काल वाटर कूलर और एसी लगाने के दिए निर्देश



**निजी अस्पताल को नोटिस जारी करें, प्राइवेट एंबुलेंस हटाएं:** विधायक श्री साहू ने सीएमएचओ को फटकार लगाते हुए कहा कि यहां प्रतिदिन प्राइवेट अस्पताल के एजेंट आकर मरीजों को बहला फुसलाकार अपने निजी हास्पिटल ले जाकर लूटने का काम कर रहे हैं, जिससे हमारी सरकार का नाम ख़राब हो रहे है। अधिकारी जिला अस्पताल को रिफर सेंटर ना बनाएं। हॉस्पिटल परिसर के बाहर खड़ी एम्बुलेंस के संस्थान को नोटिस जारी कर, तत्काल वाहन को वहां से हटाने का निर्देश विधायक ने अधिकारियों को दिया।

### गर्मी से परेशान बाहर सोये मरीजों से मिले

विधायक को निरीक्षण के दौरान कुछ मरीज वार्ड को छोड़कर बाहर हॉल में सोते दिखे। विधायक ने मरीजों और परिजनों से बात की तो उन्होंने बताया कि जनरल वार्ड में भीषण गर्मी में भी वाटर कूलर व एसी की व्यवस्था नहीं है। जिससे मरीज परेशान होकर बाहर में सोने को मज़बूर हैं। मरीज और परिजनों के शिकायत पर विधायक श्री साहू ने तत्काल उसी समय मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी से फ़ोन पर बात कर दो दिनों के अंदर सभी वार्डों मे वॉटर कूलर और एसी लगाने के दिशा निर्देश दिए। जरुरतों के हिसाब से सभी मरीजों को उचित उपचार मिलना चाहिए। मरीजों की शिकायत पर विधायक ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि बाथरूम में चार दिनों से पानी सप्लाई की व्यवस्था ख़राब है, तत्काल सुधार करवाइये। मरीजों को किसी प्रकार की तकलीफ नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भी समस्या है, उसका तत्काल निराकरण करें।

## कलेक्टर ने किया जिला पंचायत संसाधन केंद्र व लाइवलीहुड कॉलेज का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने गुरुवार जिला पंचायत संसाधन केंद्र (डीपीआरसी) और लाइवलीहुड कॉलेज का निरीक्षण किया कर जायजा लिया। कलेक्टर ने रूम का जायजा लेकर जिला पंचायत संसाधन केंद्र में बेड,बिस्तर की उपलब्धता, शौचालय, पानी, बिजली व्यवस्था देखी। उन्होंने परिसर का भी अवलोकन किया तथा साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य कार्य जिला पंचायत सीईओ टेकचन्द्र अग्रवाल,अपर कलेक्टर डॉ.अनिल बाजपेयी, एसडीएम अधिकारी घनश्याम सिंह तंवर, सहायक संचालक लाइवलीहुड रोशन लाल वर्मा उपस्थित थे।कलेक्टर श्री शर्मा ने जिला पंचायत संसाधन केंद्र में कमरों आदि में पेंट आदि के साथ साज-सज्जा कराने कहा। बोले गार्डन दिखे जंगल नहीं है। परिसर साफ़-सुधारा होना चाहिए। उन्होंने परिसर में छायादार-फलदार पेड़ लगाने कहा।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने इसके बाद लाइवलीहुड कॉलेज पहुँचे। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे युवा-युवतियों बच्चों से बातचीत की उनका हालचाल पूछा । उन्होंने कम्प्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग सहायक (कोपा ) कोर्स कर रहे बच्चों की टाइपिंग स्पीट भी देखी। कम्प्यूटर संबंधी व्यावहारिक। ज्ञान की जानकारी ली। सिलाई-कड़ाई का प्रशिक्षण ले रही महिलाओं से भी बात की उनकी ज़रूरत और दिये जा रहे प्रशिक्षण आदि के संबंध में जानकारी ली । उनका कुशलक्षेम पूछा । उन्होंने सहायक संचालक रोशन लाल वर्मा को भी परिसर में और पेड़-पौधे लगाने कहा। इसके किए प्राकृतिक प्रेमी बच्चों से भी श्रमदान के लिए प्रेरित करने कहा। यह कार्य जल्द करने पर बल दिया।

# उप जेल बेमेतरा में कर्मचारियों व बंदियों को कराया योग का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



संचालनालय आयुष छत्तीसगढ के निर्देश एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी बेमेतरा डॉ. वीणा मिश्रा के मार्गदर्शन में योग चिकित्सक डॉ कन्हैया पटेल आयुष योगा व वेलनेस केंद्र बेमेतरा द्वारा उप जेल बेमेतरा के बंदियों एवं कर्मचारियों को योगा अभ्यास कराया गया।

इस सत्र के दौरान 106 बंदियों एवं जेल के कर्मचारियों में योगा सत्र का लाभ लिया। जिसमें दिनेश चंद्र ध्रुव सहायक जेल अधिक्षक, संतराम पूरेना, कुशल साहू प्रहरी कु. दीक्षा अगारे फार्मासिस्ट, योग सहायक शिवदास उपस्थित रहे। योग चिकित्सक डॉ. कन्हैया पटेल ने तनाव से मुक्ति एवं सर्वांग स्वास्थ लाभ के लिए योग सत्र के दौरान सूक्ष्म व्यायाम, आसान प्रणायम एवं ध्यान का अभ्यास कराया साथ साथ अष्टांग योग का भी संक्षिप्त जानकारी दी गई।

## केशतरा में शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा

**साजा।** ग्राम केशतरा में श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हुई। सुश्री आराध्या शर्मा द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। आयोजक बुलाक साहू ने बताया कि प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में ग्राम वासियों ने हिस्सा लिया।



# सहनी पड़ रही गर्मी की मार, बदलाव के अभी दो दिन नहीं हैं आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले साल रायपुर का अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री से आगे नहीं बढ़ पाया था, मगर इस बार माहांत तक इसके 44 पार होने की पूरी संभावना है। पिछले दो दिन से शहर के लोग 40.5 डिग्री तापमान वाली गर्मी से झुलस रहे हैं। अगले दो दिन तक बढ़ती गर्मी में बदलाव के आसार नहीं हैं। अप्रैल का महीना बढ़ती गर्मी का अहसास लिए होता है और मई तथा जून के पहले पखवाड़े तक लोग इससे हलाकान रहते हैं। इस बार सूरज ने अपने तेज से लोगों को परेशान करने के संकेत शुरुआती दिनों से दे दिया है। पिछले दो दिन से रायपुर का अधिकतम तापमान 40.5 पर बना हुआ है, जिसकी वजह से दोपहर बारह बजने के बाद से कड़ी धूप भी लोगों का बारह बजा रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन तक गर्मी के तेवर में किसी तरह का बदलाव नहीं होगा, मगर इसके बाद छाने वाले बादल कुछ इलाकों में बरस भी सकते हैं। हवा के साथ राज्य में नमी का आगमन होने की वजह से बढ़ते तापमान में थोड़ा अवरोध आने की संभावना है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले साल रायपुर में अधिकतम तापमान महीने के अंतिम दस दिनों में 43.2 तक पहुंचा था। इस दिन का पारा 44 डिग्री के पार होने की पूरी गुंजाइश है। शहर में अभी दिन और रात का तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया है।

■ 40 .5 डिग्री पर ठिठका रहा तापमान, अभी थोड़ा और बढ़ेगा



# लंबी दूरी की बसों में सीसीटीवी नहीं लगाने वाले संचालकों से जुर्माना वसूला जाएगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रैफिक पुलिस के अफसरों ने बुधवार को लंबी दूरी के लिए चलने वाली बस के ऑपरेटरों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही लंबी दूरी के लिए बस संचालन करने वाले बस मालिकों को ट्रैफिक पुलिस के अफसरों ने अपनी बसों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए। बसों में सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाने पर जुर्माना वसूल करने की चेचावनी दी है। ट्रैफिक एएसपी ओमप्रकाश शर्मा, ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह ने बस मालिकों को बसों में अनिवार्य रूप से टिकट किराया की सूची चस्पा करने निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही बीच सड़क में बस रोक कर सवारी चढ़ाने पर जुर्माना वसूल करने की चेतावनी दी है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में ड्राइवर के साथ कंडक्टर भी शामिल हुए।

### इन निर्देशों का पालन करना होगा

- बसों में रेट लिस्ट (किराया दर) की सूची अनिवार्य रूप से चस्पा करेंगे। अधिक किराया लेने की शिकायत पर एक्शन होगा।
- लंबी दूरी की यात्री बसों में यात्रियों की सेफ्टी के लिए अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरा लगाये जाएं।
- बस स्टैंड से निकलने वाली बसों को रास्ते में रोक कर बस खड़ी करके सवारी चढ़ाई जाती है, जिससे आम पब्लिक को परेशानी होती है। इस समस्या को देखते हुए अब बस केवल पचपेड़ी नाका और टाटीबंध चौक में ही रुकेगी।
- बसों में माल परिवहन करने पर सख्ती से रोक। माल परिवहन करते पाए जाने पर जुर्माना।

# एसएफआई ने की छात्रों के व्यवस्थापन के लिए हस्तक्षेप की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली द्वारा संबद्धता रद्द किए गए स्कूलों के छात्रों के व्यवस्थापन के लिए जिला प्रशासन से हस्तक्षेप करने की मांग की है। 4 अप्रैल को एसएफआई का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर को इस संबंध में ज्ञापन सौंपेगा। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली ने शहर के दो स्कूलों की मान्यता और संबद्धता रद्द कर दी। इससे वहां अध्ययनरत छात्रों के भविष्य पर सवाल खड़े हो गए हैं। एसएफआई के जिला संयोजन समिति के सदस्य गर्व गभने, हर्ष ढिंगानी, अल्पिका कन्नौजे तथा अथर्व अवस्थी ने बताया कि सीबीएसई के नियम के कारण मान्यता खोने वाले दोनों स्कूलों के छात्र परेशान हैं तथा अनिर्णय की स्थिति में हैं। एसएफआई ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जिला प्रशासन इस मामले में हस्तक्षेप करें तथा सीबीएसई से आग्रह कर मान्यता खोने वाले दोनों स्कूलों के छात्रों को निकटस्थ स्कूलों में प्रवेश दिलवाए तथा छात्रों की मदद करें।

■ प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर को इस संबंध में आज सौंपेंगे ज्ञापन





